हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 16 नवम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1.केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने लोकतंत्र में प्रैस की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए गलत सूचनाओ का मुकाबला करने का आहवान किया।

2. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रोहतक मे जिला प्रशासन के दो पोर्टल जारी किए।

3. केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने पलवल के गाँव भुलवाना मे 14 करोड़ रुपए के विकास कार्यों  का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

4. मुख्य मंत्री नायाब सिंह सैनी ने नारनौल में लगभग 84 करोड़ रुपए की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

5. अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता मैराथन का आयोजन किया गया।

---

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2025 समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय की पूर्व न्यायधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई  भी उपस्थित थीं।

श्री वैष्णव ने मीडिया से बातचीत में  कहा कि हमारे लोकतंत्र में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आगे बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आयोजित  व्याख्यान में इस बात पर चर्चा की गई कि कैसे गलत सूचनाओं का मुकाबला किया जा सकता है और प्रेस की विश्वसनीयता को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर प्रेस और मीडिया जगत के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई भी दी।

प्रेस परिषद की अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने प्रेस के नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करना शुरू किया था। सुश्री देसाई ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से, प्रेस परिषद को प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने और भारत में पत्रकारिता के मानकों को बनाए रखने तथा सुधारने की दोहरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता जनता तक सटीक जानकारी पहुँचाने के लिए ईमानदारी, दृढ़ता और निरंतर प्रतिबद्धता की मांग करती है। सुश्री देसाई ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं है, यह सत्य की खोज और एक ऐसा काम है जिसके लिए साहस की आवश्यकता होती है।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवासन मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज रोहतक जिला प्रशासन के नमस्ते रोहतक और प्रशासन पहल नामक 2 पोर्टल जारी किए। इन पोर्टल के जरिए जनता की समस्याओं का हल होगा और प्रशासन तक आम आदमी की पहुंच आसान होगी। नमस्ते रोहतक पोर्टल चैटबोट के जरिए काम करेगा। प्रशासन की यह पहल चैटबोट के जरिए अधिकारियों की जवाब देही तय करेगी। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया-

1—मनोहर लाल –पोर्टल

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में श्री मनोहर लाल ने बिहार चुनाव में मिली जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे सुशासन की जीत बताया।

--------------------------------------------------------------------------------------------------------
--------------------

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज पलवल के गांव भुलवाना में लगभग 14 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा होडल विधायक हरेंद्र रामरतन के प्रयासों से होडल विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों करोड़ रुपए के विकास कार्य किए जा रहे है। गांव भुलावाना में हर घर को पीने का स्वच्छ पानी मिले इसके लिए तीन करोड़ रुपए की लागत से बूस्टर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं है।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर ने बताया –

2- कृष्ण पाल गुर्जर

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नारनौल में लगभग 84 करोड़ रुपए लागत की 19 परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा एक हरियाणवी एक की भावना से सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों का कल्याण और उत्थान उनकी सरकार का संकल्प था, है और रहेगा।

महाराजा शूर सैनी की जयंती को लेकर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक जयंती नहीं बल्कि इतिहास का पुनर्जागरण है। उन्होंने कहा कि सैनी समाज का इतिहास प्राचीन और गौरवशाली है। स्वतंत्रता आंदोलन में भी सैनी समाज की प्रमुख भूमिकारही है।

विकाय सकार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि नारनौल की डिस्ट्रीब्यूटर और री मॉडलिंग पर 10 करोड रुपए का खर्चा आएगा। जबकि जल भंडारण के लिए टैंक के निर्माण पर 8 करोड रुपए की लागत आएगी। इसके इलाव हुड्डा सेक्टर के विकास पर 5 करोड रुपए करच किए जाएंगे। नारनौल में आईटीआई भवन का निर्माण भी किया जाएगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अंतर्गत आज गीता मैराथन का आयोजन किया गया। राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

कार्यक्रम स्थल पर पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष तेजेंद्र सिंह, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने गीता उपदेश का उल्लेख करते हुए प्रतिभागियों को फल की इच्छा किए बिना कर्म करने के लिए प्रेरित किया। वहीं मीडिया से बातचीत में राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने

कहा कि आज गीता जयंती महोत्सव की गूंज केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व भर में सुनाई दे रही है। गीता मैराथन के आयोजन को लेकर उन्होंने कहा –

3- रेखा शर्मा

पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने बताया कि हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आने वाले पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। बीते वर्ष जहां लगभग 45 लाख पर्यटक पहुंचे थे, वहीं इस वर्ष यह आंकड़ा 60 लाख पार करने की उम्मीद है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

आज जींद के अर्जुन स्टेडियम में आयोजित बाबा बंदा सिंह बहादुर का 79वां तीन दिवसीय धार्मिक दीवान श्री अखंड पाठ साहिब का भोग के साथ संपन्न हुआ। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उनके साथ बाबा बंदा सिंह बहादुर के दसवें वंशज एवं वर्तमान गद्दीनशीन डेरा बाबा बंदा बहादुर रियासी, बाबा जतिंदर पाल सिंह सोढ़ी  भी एवं विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वो पिछले काफी सालों से इस सम्मेलन में शिरकत करते रहे हैं। बाबा बंदा सिंह बहादुर की जो शिक्षाएं हैं, समाज के लिए उनकी जो देन है, उससे सबको प्रेरणा मिलती है।

4- मनोहर लाल

केन्द्रीय मंत्री ने नौजवानों से बाबा बंदा सिंह बहादुर के दिखाए रास्ते पर चलने का अनुरोध किया।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------------